# मैदान में खिलाड़ी नहीं, देश का भविष्य दौड़ता है

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के शुभारंभ की घोषणा





**ये रहे मौजूद** : इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री एवं भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी आदि मौजूद रहे.

**भोपाल, 27 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पारम्परिक और आधुनिक दोनों प्रकार के खेलों की समद्ध परम्परा है. खेलो एमपी यूथ गेम्स केवल एक स्पर्धा नहीं है, खेल महोत्सव है और यह महोत्सव हमारी उसी समृद्ध परम्परा का एक रिवीजन है. जब किसी मैदान में कोई खिलाड़ी अपना पसीना बहाता है, दौड़ता है, भागता है, परिश्रम करता है, तो उस मैदान में खिलाड़ी नहीं देश का सुनहरा भविष्य दौड़ता है. मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल सदियों से हमारा मान हैं, भारतीय संस्कृति की पहचान हैं. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई खेल संस्कृति का विकास हो रहा है. हमें कॉमनवेल्थ की मेजबानी मिली, अब ओलिम्पिक की तैयारी है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार की शाम भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के विधिवत् शुभारंभ की घोषणा की. बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों एवं भोपाल शहर के नागरिकों के भारी जोश, उत्साह और उमंग से भरे वातावरण में खेलो एमपी यूथ गेम्स का रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच भव्य शुभारंभ हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स - 2026 के शुभारंभ अवसर पर अपनी परफॉर्मेंस देने भोपाल आए पद्मश्री अवार्डी, सूफी गायक एवं लोक संगीतकार श्री कैलाश खेर को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत-अभिनन्दन किया.

### केंद्रीय मंत्री मंडाविया ने दीं शुभकामनाएं

खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय युवा कल्याण एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया के वीडियो शुभकामना संदेश का प्रसारण भी किया गया. खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि विकास और कल्याण की जो धारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बहाई है, वही धारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में बहा रहे हैं.

### 'तेरी दीवानी' की धुन पर झूमे राजधानी के दीवाने

**भोपाल, 27 जनवरी.** खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ के अवसर पर रात नौ बजकर आठ मिनट पर जब कैलाश खैर अपने बैंड कैलाशा के साथ मंच पर उतरे तो युवाओं का जोश मानो आसमान छूने लगा। स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के लिए यह रात संगीत और उत्साह का उत्सव बन गई। कैलाश खैर ने फिल्मी और लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुति से माहौल को पूरी तरह ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने मेरा चुन चुन खैयो.., तूने क्या कर डाला, मर गई मैं मिट गई मैं.., कोई काजल लाओ री.., तेरी दीवानी.. जैसे गीतों से युवाओं के पांव थिरकने लगे और मन उत्साह से झूम उठा। वहीं बम लहरी की गूंज ने तो स्टेडियम में मौजूद हर आयु वर्ग के दर्शक में संगीत की लय और तेज से एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया हो। प्रस्तुति के दौरान कैलाश खैर ने मंच से दर्शकों को गाने का आनंद लेने और खुलकर झूमने का भी आमंत्रण दिया। उनके इस आग्रह पर दर्शकों ने भी भरपूर उत्साह दिखाया और पूरा परिसर संगीतमय उत्सव में बदल गया। मंच के सामने बैठे कई युवक और युवतियां अवसर पर मंच पर पहुंचकर संगीत की धुन पर पांव थिरकाते नजर आए। कार्यक्रम ने खेल और संगीत के संगम के माध्यम से युवाओं में नई ऊर्जा और उमंग का संचार किया।

### शब्दों और भावों की सही प्रस्तुति से संगीत में डूब सकते हैं युवा

**भोपाल, 27 जनवरी.** खेलो एमपी यूथ गेम्स के अवसर पर भोपाल पहुंचे प्रसिद्ध गायक कैलाश खैर ने मंगलवार को अपने संगीत और जीवन यात्रा के अनुभव साझा किए। कैलाश ने बताया उन्होंने हमेशा अपने गीतों में विचार, साहित्य और अध्यात्म को स्थान दिया। उनका मानना है कि शब्दों और भावों में भी गहरा असर होता है और यदि सही ढंग से प्रस्तुत किया जाए तो युवा बिना किसी नशे के भी संगीत में डूब सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके गीतों को संतों और साधकों द्वारा गाया जाना उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। हालांकि शुरुआती दौर में उन्हें कई बार अस्वीकारता का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने उद्देश्य से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा उनके लिए कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा से जुड़ने का माध्यम है और यही से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है।

**2006 में स्टूडियो का नाम रखा कैलाशा** : जब 2006 में हमारा पदार्पण हुआ, तभी हमने अपने बैंड, स्टूडियो और एल्बम का नाम 'कैलाशा' रखा। कैलाश का अर्थ है अत्यंत और अलौकिक, वह स्थान जहां महादेव विराजमान होते हैं। इसी भावना के साथ हमने यह नाम चुना। हमारा उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि जब भी संगीत बनाएं, वह इंसान को आनंद दे, तनाव से मुक्त करे, रोग और मनोरोग को ठीक करने में सहायक हो।

**कला से खेल में मिलेगी एक नई ऊर्जा:** कैलाश कहते हैं खेल और संगीत समाज को तनाव, क्रोध और थकान से मुक्त करते हैं। आज खेल और कला को गंभीरता से लिया जा रहा है, जिससे युवाओं को पहचान और अवसर मिल रहे हैं। ऐसे में जब खेल और कला साथ आते हैं, तो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**ए.आर. रहमान बयान पर दी प्रतिक्रिया:** कैलाश खेर ने ए.आर. रहमान के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए संयम बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय पर टिप्पणी करने से पहले यह जानना जरूरी है कि वास्तव में क्या कहा गया है और उसका संदर्भ क्या है। बिना सुने और समझे किसी मुद्दे पर प्रतिक्रिया देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि विचार और विवेक के साथ बोलना ही स्वस्थ संवाद की पहचान है और हर विषय पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।



## समाजसेवा के लिए अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध मेला में सम्मानित हुई शिखा जोशी

**भोपाल, 27 जनवरी. दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के तत्वावधान में 10वां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध मेला एवं भगवान बुद्ध की परम पावन एवं दुर्लभ अस्थि-धातु कलश के भव्य दर्शन का आयोजन बुद्धभूमि महाविहार, गोल्डन बुद्ध प्रतिमा परिसर, भोपाल में श्रद्धा, शांति और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ.**

दुर्लभ अस्थि-धातु के दर्शन एवं धम्म पूजा कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया. इस अवसर पर थाइलैंड, श्रीलंका, जापान सहित देश-विदेश से पधारे वरिष्ठ भिक्षु संघ की उपस्थिति रही. कार्यक्रम के धम्म उद्घाटक डॉ. महा अचान विचियन रहे. मुख्य अतिथि के रूप में भीमराव यशवंत अंबेडकर, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के पौत्र उपस्थित रहे. कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, किशन सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर निगम भोपाल, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे. समाजसेवी शिखा जोशी को समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. महा अचान विचियन (थाइलैंड) द्वारा सम्मानित किया गया.

## टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल 31 से

▸ मप्र टूरिज्म बोर्ड एवं मप्र फ्लाइंग क्लब का आयोजन

**भोपाल, 27 जनवरी.** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल से प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में एक नया और रोमांचक अध्याय जुड़ने जा रहा है। एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रेमियों के लिए इंदौर में पहली बार टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को शहर के मनोरम और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कोरबन हिल्स में किया जाएगा। यह आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब के संयुक्त सहयोग से संपन्न होगा। सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य, भौगोलिक विविधता और रोमांचक पर्यटन की अपार संभावनाओं से समृद्ध राज्य है। टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल जैसे आयोजन प्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### एक नजर में




#### सेंट पॉल के विद्यार्थियों ने दी अद्भुत प्रस्तुति

**भोपाल, 27 जनवरी.** सेंट पॉल को-एड स्कूल ने 77वें गणतंत्र दिवस को बहुत उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया, जिसमें एकता और कर्तव्य पर जोर दिया गया. कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड के मधुर संगीत से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि कर्नल शशि कुमार का स्वागत किया गया. बैंड के संगीत ने वातावरण को देशभक्ति की भावना से भर दिया. मुख्य अतिथि ने स्कूल प्रबंधक फादर सेबेस्टियन, प्रिंसिपल डॉ. फादर थॉमस, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया.



#### पुलिस-पत्रकार मिलन समारोह

**भोपाल, 27 जनवरी.** कमिश्नरेट भोपाल पुलिस द्वारा 27 जनवरी को पुलिस लाइन, नेहरू नगर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में पुलिस-पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवभारत के संपादक दिलीप झा ने भोपाल के पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र को शुभकामनाएं दीं।

➔ 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने आयुक्त कार्यालय परिसर में ध्वजा रोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी. मिश्र ने इस मौके पर पुलिस परिवार और शहर वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी ने नगर नियंत्रण कक्ष में ध्वजा रोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी.

➔ स्कॉटिश गार्डन रहवासी जनकल्याण समिति ने निओ स्काटिश गार्डन कॉलोनी में गणतंत्र दिवस पर महिला शक्ति ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया.

➔ एनआईटीटीटीआर भोपाल में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव और उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक महोदय प्रो. सी.सी. त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रीय ध्वजा रोहण किया, जिसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया

➔ गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्यटन भवन मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया. मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं.


➔ गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया. संग्रहालय परिसर में निदेशक डॉ अमिताभ पांडे ने ध्वज फहराया गया.

➔ राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में 77 वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया. संस्थान परिसर में निदेशक प्रो सी सी त्रिपाठी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान गाया गया.

➔ मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय माहौल में मनाया गया. विश्वविद्यालय परिसर में माननीय कुलगुरु डॉ मिलिंद दांडेकर नेझंडा फहराकर विश्वविद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं.

## कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का आह्वान

▸ एमपीयूडीसी मुख्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया



**भोपाल. नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) मुख्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया.**

इस अवसर पर कम्पनी के प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे द्वारा ध्वजारोहण किया गया. ध्वजारोहण उपरांत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंध संचालक भोंडवे एवं अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा संविधान के मूल्यों के अनुरूप कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया. कार्यक्रम के पूर्व प्रमुख अभियंता आनंद सिंह द्वारा पौधा भेंट कर प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे का एमपीयूडीसी परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया.

समारोह में उप परियोजना संचालक तकनीकी शैलेंद्र शुक्ला ,कंपनी सचिव प्रियंका कुमारी सहितअधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. राष्ट्रभक्ति, उत्साह एवं गरिमा के वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ.

## बीएचईएल में मनाया गणतंत्र दिवस

▸ कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार ने ली सलामी



**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 27 जनवरी. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस पिपलानी परेड ग्राउंड में गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सीआईएसएफ के जवानों द्वारा उन्हें सलामी दी गई.**

समारोह में वरिष्ठ अधिकारीगण, बीएचईएल अधिकारी संघ (भेकनिस) के प्रतिनिधि, यूनियन पदाधिकारी, विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे. अपने संबोधन में श्री उपाध्याय ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत ने एक सफल गणतंत्र के रूप में विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है. उन्होंने कहा कि नए आदेशों की प्राप्ति तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशक मंडल के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण बीएचईएल ने नए व्यावसायिक क्षेत्रों में विस्तार किया है. उन्होंने कॉर्पोरेशन स्तर की उपलब्धियों में बीएचईएल भोपाल के महत्वपूर्ण योगदान को टीम भावना और समर्पण का परिणाम बताया. कार्यक्रम में पुरस्कार विजेता झांकियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्कूली बच्चों की परेड, सीआईएसएफ द्वारा आतंकवाद-रोधी प्रदर्शन तथा उत्कृष्ट कार्य और 5-एस के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए.

### जीवन दर्शन व राष्ट्र-हितैषी संकल्पों को दोहराया

**भोपाल, 27 जनवरी.** राष्ट्र संत, मूक माटी महाकाव्य के रचयिता आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर आज राजधानी भोपाल में उनके जीवन दर्शन और राष्ट्र-हितैषी संकल्पों को दोहराया गया. दिगंबर जैन महासभा एवं राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ द्वारा गुफा मंदिर लालघाटी गौशाला में विनयांजलि सभा का आयोजन कर आचार्य श्री के अधूरे मिशन को पूर्ण करने का सामूहिक संकल्प लिया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंकज प्रधान, शैलेंद्र माया, विनीत जैन, उज्जवल जैन एवं प्रणव शर्मा, रामानुज गुर्जर कन्हैया यादव मुकेश मीणा (राष्ट्रीय गौ सेवा संघ) सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे.

## बिड़ला संग्रहालय में डाक टिकटों से झलकी भारत की लोकतांत्रिक यात्रा

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 जनवरी. डाक टिकटों के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान लागू होने तक की ऐतिहासिक यात्रा को बिड़ला संग्रहालय में जीवंत रूप किया गया. गणतंत्र दिवस के अवसर संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी मंगलवार को संपन्न हुई.**



इस प्रदर्शनी में भारत की संप्रभुता इतिहास और संविधान निर्माण की यात्रा को दर्शाने वाले दुर्लभ और विशेष डाक टिकटों को प्रदर्शित किया गया. प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता ने किया. उन्होंने कहा महात्मा गांधी के आदर्श और सिद्धांत भारतीय संविधान की आत्मा में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं. प्रदर्शनी में शाहिद हसन खान द्वारा संकलित महात्मा गांधी सुभाष चंद्र बोस और अन्य महापुरुषों पर जारी विशेष डाक टिकट और प्रथम दिवस कवर लोगों के आकर्षण का केंद्र बने.

### डाक विभाग ने एटीएम ढांचे का किया आधुनिकीकरण

**भोपाल, 27 जनवरी.** बैंकिंग सेवाओं को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, डाक विभाग, मध्यप्रदेश परिमंडल ने प्रदेश भर में अपने एटीएम बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया है. डाकघरों में स्थापित ये 49 एटीएम साइट नागरिकों को उनके घरों के पास ही आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने में मदद कर रहे हैं. यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए लाभदायक है, जिससे वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के सरकार के दृष्टिकोण को बल मिलता है.



### महिला मंडल ने किया हल्दी कुमकुम का आयोजन

**भोपाल, 27 जनवरी.** सेठ बुलखीचंद ट्रस्ट वालबिहार भोपाल के तत्वावधान में अग्रवाल महिला मंडल ने हल्दी कुमकुम आयोजन किया. इस अवसर पर पैनल (संरक्षिका) शकुन अग्रवाल, (संयोजिका) स्मिता अग्रवाल, (अध्यक्ष) सोनल अग्रवाल (उपाध्यक्ष) रानी अग्रवाल, आरती अग्रवाल (सचिव), जया अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), मोनिका अग्रवाल (सांस्कृतिक सचिव) आदि मौजूद रहीं.

**आयोजन** ▸ नार्मदीय समाज कोलार ने धूमधाम से मनाई नर्मदा जयंती

## नर्मदा नदी को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

**भोपाल, 27 जनवरी. नार्मदीय ब्राह्मण समाज कोलार द्वारा अपनी आराध्य देवी मां नर्मदा की जयंती धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर वाल्मी परिसर स्थित हरसिद्धि मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली.**



इस अवसर पर सभी समाज जनों ने नर्मदा नदी को स्वच्छ बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. कार्यक्रम में कुसुम सिटोके स्मृति सम्मान तथा सावित्री देवी काशिव स्मृति सम्मान से समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया. इनमें स्व.कुसुम सिटोके की स्मृति सम्मान अबीर पुत्र दीपक खले, युवराज पुत्र आशीष शुक्ला, यशस्वी पुत्र सोमेश बंडावाला को प्रदान किया गया. इसी प्रकार सावित्री देवी काशिव सम्मान से राष्ट्रीय स्तर पर चार्टर्ड अकाउंट में ऋषिका पुत्री प्रो. मनीष बिल्लौरे, जूडो कराटे में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर पाखी पुत्री आशीष साकल्ले, डॉ नेहा पुत्री अजय शर्मा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर समाज के संरक्षक डॉ. शैलेंद्र पटवारी,डा.श्याम बिल्लौरे, डॉ. अशोक बिल्लौरे तथा राधाकृष्ण सिटोके उपस्थित रहे. स्वागत वक्तव्य अध्यक्ष गणेश पाराशर ने दिया. मंच का संचालन कला पत्रकार दीपक पगारे ने किया.

## हमीदिया अस्पताल की सेंट्रल लैब को एनएबीएल मान्यता

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 जनवरी. गांधी मेडिकल कॉलेज और हमीदिया अस्पताल की सेंट्रल क्लिनिकल लैबोरेटरी को राष्ट्रीय मान्यता मिल गई है, जिसे सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है.**

अंतरराष्ट्रीय मानक आईएसओ 15189 के तहत मिली यह मान्यता अब सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को विश्वस्तरीय जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है. लैबोरेटरी में क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री, पैथोलॉजी, हेमेटोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और संक्रामक रोग सेरोलॉजी सहित 68 महत्वपूर्ण परीक्षण मानकों को मान्यता दी गई है. जिससे जटिल बीमारियों की सटीक पहचान और समय पर उपचार संभव हो सकेगा.

**इनका कहना है**

यह मान्यता उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है. अब मरीजों को वैश्विक मानकों के अनुरूप सटीक और गुणवत्तापूर्ण जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सकेगी.

**- कविता एन सिंह,** डीन, हमीदिया